	राजस्थान सरकार **कार्यालय अधिक्षण भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग जयपुर।** E-mail: sg.jaipur@rajasthan.gov.in Or supgeo.jaipur@rajasthan.gov.in	**34–ए ,श्रीरामपुरा कॉलोनी, सिविल लाईन्स, जयपुर।**

क्रमांकः–अभूवै/जय/स्टोर/मजदूरी/2025–26/ दिनांकः–यथा ई–हस्ताक्षर

सीमित बोली सूचना संख्या 01/ 2025–26

इस कार्यालय के क्षैत्राधिकार में वर्ष 2025–26 के अन्तिम त्रैमास (01.01.2026 से 31.03.2026) तक खनिज सर्वेक्षण एवं पूर्वेक्षण हेतु आउटसोर्सिंग द्वारा विभागीय परियोजनाओं तथा अन्य आवश्यक प्रकृति के कार्य करवाए जाने हेतु श्रम विभाग से पंजीकृत फर्म/एजेन्सी/ संस्थानों से सीमित निविदाएं मोहरबंद लिफाफे में दिनांक 13.01.2026 समय प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 20.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक प्राप्त किये जाकर उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोलने हेतु आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत राशि रू. 1,62500/–(अक्षरे रू. एक लाख बासठ हजार पांच सौ मात्र) निविदा शुल्क राशि रू. 200/–(अक्षरे रू. दो सौ मात्र) एवं बिड सिक्यूरिटी राशि रू. 3250/– (अक्षरे रू तीन हजार दो सौ पचास मात्र) है।

निविदा आमन्त्रण दस्तावेज की विस्तृत सूचना विभागीय बेवसाइट **https://mines.rajasthan.gov.in** एव स्टेट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in व कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

UBN No :-

NIB CODE :-

ESinged
(संजय सक्सेना)
अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

1

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA	**राजस्थान सरकार** **कार्यालय अधिक्षण भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग जयपुर।** E-mail: sg.jaipur@rajasthan.gov.in	**34–ए, श्रीरामपुरा कॉलोनी, सिविल लाईन्स, जयपुर।**

क्रमांकः—अभूवै/जय/स्टोर/मजदूरी/2025–26/ दिनांकः—यथा ई–हस्ताक्षर

सीमित बोली आमंत्रण सूचना 01/2025–26

कार्यालय अधीक्षण भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, जयपुर के अधीन चल रही विभिन्न खनिज सर्वेक्षण एवं पूर्वेक्षण हेतु आऊट सौर्सिंग पर करवाये जाने वाले कार्यो हेतु विभिन्न सम्बन्धित परियोजनाओं, पर वार्षिक फील्ड प्रोग्राम 2025–26 के अनुसार एवं खनिजों के डेलीनियेशन से सम्बन्धित कार्य एवं एम0एल0/पी0एल0 पर आवश्यक प्रकृति के कार्य, जिसमें परियोजना स्थलों पर एवं अन्य जगह सेम्पलों से संबंधित कार्य, सर्वे से संबंधित कार्य, सर्वे उपकरणों की सुरक्षा एवं रख रखाव का कार्य, परियोजना स्थलों पर कैम्प का रखरखाव एवं संबंधित कार्य, पानी की व्यवस्था, चौकीदारी का कार्य, एवं अन्य सम्बंधित कार्य आउटसोर्सिंग पर करवाये जाने है। उक्त समस्त कार्य करने हेतु श्रम विभाग से पंजीकृत फर्म/एजेन्सी/संस्थानों से सीमित निविदाये दिनांक 13.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे से प्रारम्भ की जाकर निर्धारित दस्तावेजो के साथ मोहरबन्द लिफाफा पद्धति के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 20.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक प्राप्त की जाकर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष उसी दिन अपरान्ह 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कक्ष में खोली जावेंगी। ये निविदायें वर्ष 2025–26 के अन्तिम त्रैमास (01.01.2026 से 31.03.2026) तक के लिये विधिमान्य होंगी जिसकी अवधि नियमानुसार आपसी विचार विमर्श से बढायी जा सकती है। निविदा आमंन्त्रण दस्तावेज यथा प्रारूप, शर्ते एवं संलग्नक इत्यादि निविदा शुल्क की राशि 200/— (रूपये दो सौ रूपये मात्र) नकद, बैंकर चैक या ड्राफ्ट,(म.हतें) या पे आर्डर (अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर के नाम से) के रूप में जमा करवाकर (जो लौटाने योग्य नहीं होगी) कार्यालय समय में निविदा राजस्थान लोक उपापन के स्टेट पोर्टल की बेवसाइट ीजजचरूध्ध्चचचण्तंरेजींदण्हवअण्पद पर अपलोड होने की तिथि से कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेगे । बिड सिक्यूरिटी राशि रू 3250/—नकद, बैंकर चैक या ड्राफ्ट (अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर के नाम से), बैकगारन्टी,(म.हतें) या इलेक्ट्रोनिक बैंक गारन्टी (म.ठळ) के रूपमें संलग्न की जावे। निविदा या निविदा के किसी भी भाग को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

क.सं.	**निविदा कार्यो का विवरण**	**कार्य की अनुमानित लागत**	**बिड सिक्यूरिटी राशि**	**निविदा शुल्क**
1	**2**	**3**	**4**	**5**
1	विभागीय परियोजनाओं से सम्बन्धित कार्य, खनिजों के डेलिनियेशन का कार्य एम0एल0/पी0एल0 क्षैत्रो पर आवश्यक कार्य जिसमें सेम्पलिंग (सेम्पल कलेक्शन एवं सेम्पल पिप्रेशन) का कार्य, सर्वे से संबंधित कार्य, सर्वे उपकरणों की सुरक्षा एवं रख–रखाव का कार्य, परियोजना स्थलों पर कैम्प का रख रखाव एवं संबधितकार्य, पानी की व्यवस्था, चौकीदारी का कार्य, एवं निर्देशानुसार अन्य सम्बंधित कार्य हेतु आउटसौर्सिंग के आधार पर पूरा करना ।	1,62500/—(अक्षरे रू. एक लाख बासठ हजार पांच सौ मात्र)	3250/— (अक्षरे रू तीन हजार दो सौ पचास मात्र)	200/—रू. (अक्षरे रू. दो सौ मात्र)

बोली दस्तावेज डाउनलोड प्रारम्भ एवं कार्यालय से प्राप्त करने तथा प्रस्तुत करने की तिथी	दिनांक 13.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे से
बोली दस्तावेज प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथी एवं समय	दिनांक 20.01.2026 प्रातः 11.00 बजे तक
तकनीकी बोली खोले जाने की दिनांक एवं समय	दिनांक 20.01.2026 सांय 2.00 बजे

(संजय सक्सेना)
अधीक्षण भूवैज्ञानि

Signature Not Verified
Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

2

RajKaj Ref No.: 19877306

क्रमांकः–अभूवै / जय / स्टोर / मजदूरी / 2025–26 / दिनांकः–यथा ई–हस्ताक्षर

प्रतिलिपि निम्नांकितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान उदयपुर।
2. अति0 निदेशक (भूविज्ञान),निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, उदयपुर ।
3. अति0 निदेशक (भूविज्ञान) खान एवं भूविज्ञान विभाग, जयपुर।
4. वित्तीय सलाहकार निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राज0, उदयपुर
5. नोडल अधिकारी, डी0एम0जी0ओ0एम0एस0, निदेशालय,उदयपुर को भेजकर निवेदन है कि निविदा आमन्त्रण सूचना, प्रारूप एवं शर्ते तथा संलग्नक विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करावें
6. सूचना सहायक कार्यालय हाजा को भेजकर निर्देश है कि निविदा आमन्त्रण सूचना प्रारूप एवं शर्ते तथा संलग्नक Rajasthan State Public Procurement Portal की बेवसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड करें।
7. नोटिंस बोर्ड, कार्यालय अधीक्षण भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, जयपुर।
8. नोटिंस बोर्ड, खनिज भवन, तिलकमार्ग, जयपुर ।

अधीक्षण भूवैज्ञानिक, जयपुर।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

	राजस्थानसरकार कार्यालय अधिक्षण भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभागजयपुर। E-mail: sg.jaipur@rajasthan.gov.in Or supgeo.jaipur@rajasthan.gov.in	34–ए, श्रीरामपुराकॉलोनी, सिविल लाईन्स, जयपुर।

तकनीकी निविदा प्रपत्र

तकनीकी निविदा के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज का विवरण निम्नानुसार है :–

निविदादाता	
पत्राचार का पता	
मोबाईल नम्बर/टेलीफोन नं0	
वेबसाईट अथवा ई–मेल	
फर्म के स्वामियों/भागीदारों के नाम व स्थायी पतें की सूची सलंगन है (केवल फर्म की स्थित में)	
निविदा शुल्क राशि रू 200/–जमा कराने का विवरण	नकद/डिमांड ड्राफ्ट जो अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर के नाम से बना हुआ हो।
बोली प्रतिभूति राशि रू 3250/–जमा कराने का विवरण	बैकरचैक/डिमांड ड्राफ्ट जो अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर के नाम से बना हुआ हो।
तकनिकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 20.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे उपापन समिति एंव उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधीक्षण भूवैज्ञानिक महोदय के कक्ष में

क्र0स0	विवरण	रजिस्ट्रेशन नं0	वर्ष	पंजीकरण दिनांक	वैधता	पेज नं0
01	राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970					
02	कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम ,1952 (प्रति संलग्न करे)					
03	कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम ,1948 (प्रति संलग्न करे)					
04	वस्तु एवं सेवाकर (जी एस टी) (प्रति संलग्न करे)					
05	आयकर (पेन नंबर) (प्रति संलग्न करे)					
06	राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम ,1958 या इण्डियन पार्टनरशीप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अनतर्गत (प्रति संलग्न करे)					
07	कार्य अनुभव का विवरण व अनुभव प्रमाण–पत्र की					

RajKaj Ref No.: 19877306

Signature Not Verified
Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

	फोटोप्रति। (गत दो वर्ष का)				
08	गत तीन वर्षो का सी.ए. द्वारा जारी वित्तिय विवरण की प्रति (औसत 2 लाख से कम का नही हो)				
	क्र0स.	वर्ष	टर्न ओवर राशि रू		
	1	2022–23			
	2	2023–24			
	3	2024–25			
9	परिशिष्ट (Annexure) A,B,C,D,E,निविदा के साथ हस्ताक्षर कर संलग्न है।				

मैं/हम कार्यालय अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर द्वारा जारी की गई बोली आमंत्रण की सूचना संख्या 01/2025–26 दिनांक 12.01.2026 में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न प्रपत्र/प्रारूपों (उसमें उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हमने परिशिष्ट ई (Annexure-E) पर हस्ताक्षर कर दिये हैं) में दी गई उक्त बोली आमंत्रण सूचना की अतिरिक्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है।

निविदादाता के हस्ताक्षरमय मुहर

RajKaj Ref No.:
19877306

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

क्र. सं.	परियोजनास्थलों का नाम व पता
1	Project No. LS-3:-Preliminary investigation and exploration for limestone n/v Rampura, Ballupura, Jhamawas tehsil Patan, district Neem-ka-Thana.
2	Project No. GEN-5:- Assessment of mineral potetial area for preparation of sutable blocks of minor mineral for auction in district Neem-ka-Thana, Sikar, Jhunjhunu and Jaipur(rural)
3	Project No.FM -1:-Assessment & Exploration of iron ore and associated minerals through mapping(b) Geophysical survey and drilling in district Jhunjhunu, Neem-ka-Thana.

नोट–प्रोजेक्ट विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष के लिए ही अनुमोदित किये जाते है। अतः तद्नुसारमान्य होगे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

सवेंदक के माध्यम से सेवाओ के उपापन के लिए वित्तिय निविदा का प्रारूप **BOQ-A**

सवेंदक के माध्यम से सेवाओ के उपापन के लिए निविदा की दरें निम्नानुसार प्रपत्र मे प्रस्तुत की जावेगी।

क्र सं	कार्य की प्रकृति	कार्य हेतु आवश्यक मानव संसाधन की अनुमानित संख्या	श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी	सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत प्रति व्यक्ति दर प्रतिमाह	ईपी एफ दर प्रतिशत	ई एस आई दर प्रतिशत	सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि	कुल राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
	विभागीय परियोजनाओं से सम्बन्धित कार्य, खनिजो के डेलिनियेशन का कार्य एम0एल0/ पी0एल0 क्षैत्रो पर आवश्यक कार्य जिसमें सेम्पलिंग(सेम्पल कलेक्शन एवं सेम्पल पिप्रेशन) का कार्य, सर्वे से संबंधित कार्य, सर्वे उपकरणों की सुरक्षा एव रख–रखाव का कार्य, परियोजना स्थलों पर कैम्प का रखरखाव एवं संबधित कार्य, पानी की व्यवस्था, चौकीदारी का कार्य, एवं निर्देशानुसार अन्य सम्बंधित कार्य हेतु आउट सौर्सिंग के आधार पर पूरा करना ।	अकुशलः– यथा आवश्यकता नुसार	श्रम विभाग द्वारा निर्धारित अद्य तन न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार		निर्धारित प्रचलित दर अनुसार	निर्धारित प्रचलित दर अनुसार		
		अर्द्धकुशल :– यथा आवश्यकता नुसार	श्रम विभाग द्वारा निर्धारित अद्य तन न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार		निर्धारित प्रचलित दर अनुसार	निर्धारित प्रचलित दर अनुसार		

नोटः–1. संवेदक द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवाकर (GST) की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी।

2 कृपया दरें प्रति व्यक्ति प्रतिमाह कॉलम संख्या–5 एवं सर्विस चार्ज कॉलम संख्या– 8 में अकित की जावें तथा कॉलम संख्या–9 में योग अंकित किया जावे।

3. सर्विस चार्ज न्युनतम राशि रूपये 1/– से कम अंकित नही किया जायेगा।

4. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदुरी राशि रूपये से कम दर अंकित किये जाने पर निविदा अस्वीकृत कर दी जावेगी।

5. ईपीएफ एवं ईएसआई की दर सरकार द्वारा निर्धारित अनुसार ही दी जावेगी।

6. कृपया दरें संवेदक द्वारा उक्त निर्धारित **BOQ A** अनुसार प्रस्तुत की जावे।

7. यदि एक से अधिक फर्मो की दरे एक समान प्राप्त होने की दशा में जिस फर्म का टर्नऑवर अधिक होगा उसे प्राथमिकता दी जायेगी। टर्नऑवर समान रहने पर अधिक कार्यानुभव वाली फर्म को प्राथमिकता दी जायेगी।

निविदादाता के हस्ताक्षरमय मुहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

बोली के लिए तकनीकी निविदा की नियम एवं शर्ते :–

तकनीकी निविदा से संबंधित निम्नानुसार दस्तावेज स्व–प्रमाणित कर निविदा के साथ संलग्न किये जावे, तकनीकी निविदा स्वीकार करने के अनिवार्य बिन्दु:–

(i) अमानत राशि 3250/–रू.का बैकर्स चैक या ड्राफ्ट जो अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर के नाम देय हो, राजस्थान स्थित लघु उद्योगों की दशा में नियमानुसार छूट देय होगी, जिसके लिए नियमानुसार प्रमाण पत्र की प्रति प्रमाणित कर संलग्न करना आवश्यक होगा।

(ii) निविदा शुल्क 200/– रू का बैकर्स चैक या ड्राफ्ट जो अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर के नाम देय हो

(iii) गत तीन वर्षो में प्रत्येक वित्तीय वर्ष का सनदी लेखाकार, चार्टेड एकाउंटेट द्वारा प्रमाणित वित्तीय विवरण संलग्न करना आवश्यक है। जिसमें तीन वर्षो का औसत टर्नऑवर प्रतिवर्ष राशि रूपये 2/– लाख का होना आवश्यक है।

(iv) निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न मैनपावर संचालन के ठेके की शर्ते एवं ANNEXURE (A,B,C,D,E) जिसमें निविदादाता के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर हो।

(v) निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न मैनपावर संचालन के ठेके की शर्ते जिसमें निविदादाता को किसी राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/निगम/सरकारी उपक्रम/स्वायत्तशासी संस्था आदि में न्यूनतम दो वर्ष का मैनपावर उपलब्ध कराने का अनुभव होना आवश्यक है। कार्यदेशों की प्रति संलग्न की जावें।

(vi) फर्म का (श्रम विभाग द्वारा) रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की फोटोप्रति।

(vii) कर्मचारी भविष्य निधि व कर्मचारी राज्य बीमा निगम में रजिस्ट्रेशन की फोटोप्रति

(viii) जी.एस.टी. रजि. प्रमाण पत्र की फोटो प्रति।

(ix) आयकर पैन नम्बर की प्रमाणित प्रति।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

वित्तीय निविदा की विशिष्ठ शर्ते एवं नियमः–

1. वित्तीय निविदा BOQ-A में निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी।
2. वित्तीय निविदा में अंकित दरों में यदि शब्दो और अंको के मध्य कोई विसंगति है तो शब्दों में व्यक्त की गई रकम अभिभावी होगी जब तक की शब्दों में अभिव्यक्त रकम कोई अंक गणितिय त्रुटि से संबंधित नहीं हों। इस संबंध में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियत–2013 के नियम 64 के अनुसार कार्यवाही की जा कर निर्णय लिया जा सकेगा।
3. वित्तीय बोली का निर्धारण एवं मूल्यांकन समस्त मैनपावर के संबंध में कुल मूल्य पर किया जायेगाए, प्रस्तावों का मूल्यांकन एकमात्र राशि के आधार पर किया जावेगा। क्रय समिति द्वारा इस संबंध में लिया गया निर्णय अंतिम एवं स्वीकार्य होगा।
4. संवेदक को देय राशि पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी।
5. संवेदक द्वारा वित्त (G&T) विभाग के परिपत्र एफ 2(1)वित्त/एसपीएफसी/2017 परिपत्र संख्या–1 दिनांक 30.04.2018 एवं 14.11.2018 की पूर्ण पालना करनी होगी।
6. वित्तिय निविदा में सर्विस चार्ज न्यूनतम राशि रूपये 1/– से कम अंकित नही किया जावेगा।
7. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदुरी राशि रूपये से कम दर अंकित किये जाने पर निविदा अस्वीकृत कर दी जावेगी।
8. यदि एक से अधिक फर्मो की दरे एक समान प्राप्त होने की दशा में जिस फर्म का टर्नऑवर अधिक होगा उसे प्राथमिकता दी जायेगी। टर्नऑवर समान रहने पर अधिक कार्यानुभव वाली फर्म को प्राथमिकता दी जायेगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मुहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

	राजस्थान सरकार **कार्यालय अधीक्षण भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग जयपुर।** E-mail: sg.jaipur@rajasthan.gov.in or supgeo.jaipur@rajasthan.gov.in	**34–ए, श्रीरामपुरा कॉलोनी, सिविल लाईन्स, जयपुर।**

निविदा एवं संविदा की शर्तें

नोटः–निविदाकार को निविदा में अपने कोटेशन देते समय इन शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए।

1. कोटेशन निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार यथोचित रूप से मोहरबन्द लिफाफे में बन्द करके भेजे जाने चाहिये ।
2. बोली प्रपत्र के दो भाग प्रस्तुत किया जाना है। प्रथम भाग तकनीकी बिड है तथा द्वितीय भाग वित्तीय बिड है। दोनों को पृथक–पृथक सीलबंद लिफाफों (जिन पर तकनीकी बिड़/वित्तीय बिड़ स्पष्ट रूप से लिखा हो) में एक साथ रख कर प्रस्तुत किया जाना है। बोली दाता द्वारा तकनीकी बिड हेतु यह प्रपत्र मय संलग्नक व वांछनीय दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करते हुए (मय सील) प्रस्तुत करनी है। वित्तीय बिड BOQ में ही प्रस्तुत की जानी है। इससे भिन्न रूप में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. पंजीकृत फर्म / एजेन्सी / संस्थानों एवं आपूर्तिकर्त्ता द्वारा कोटेशन दिये जा सकेंगे।
4. यदि निविदा प्राप्त करने/खोलने वाले दिन अवकाश होता है तो निविदाऐ अगले कार्य दिवस को दोपहर 11:00 बजे तक जमा की जा सकती है और निविदाऐ अगले कार्य दिवस को दोपहर 02:00 बजे खोली जायेगी।
5. निविदाकार को आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड का विवरण (मय प्रमाणित प्रति) उल्लेखित करना होगा। निविदाकार को आवश्यकता होने पर आयकर शोधन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. टेण्डर फार्म स्याही अथवा टंकण द्वारा भरा जा सकेगा। पेंसिल से भरा गया टेण्डर फार्म विचारणीय नहीं होगा। **निविदाकार टेण्डर फार्म के प्रत्येक पृष्ठ** पर एवं **अन्त में टेण्डर की समस्त शर्तो की स्वीकृति के प्रतिक स्वरूप हस्ताक्षर करेंगे** ।
7. यदि एक से अधिक फर्मो की दरे एक समान प्राप्त होने की दशा में जिस फर्म का टर्नऑवर अधिक होगा उसे प्राथमिकता दी जायेगी। टर्नऑवर समान रहने पर अधिक कार्यानुभव वाली फर्म को प्राथमिकता दी जायेगी।
8. समस्त दरें अंको एवं शब्दों दोनों में लिखी जानी चाहिये किसी प्रकार का संशोधन होने पर अथवा त्रुटि होने पर उसे स्पष्ट दर्शाया जाना चाहिये एवं दिनांक सहित लम्बे हस्ताक्षर किये जाने चाहिये
9. समस्त दरें एफ.ओ.आर. डेस्टीनेशन होगी। श्रमिकों के परियोजना स्थलो तक आने जाने के लिये किसी प्रकार का गाडी भाडा / यातायात प्रभार देय नहीं होगा ।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

10. टेण्डर अनुबंध होने की तिथि से दिनांक 31/03/2026 तक की अवधि के लिये वैध होंगे तथा आगे की अवधि पारस्परिक सहमति से बढायी जा सकती है।
11. निविदाकार अपनी निविदा अथवा सारभूत किसी भाग को न तो किसी अन्य ऐजेन्सी को सौप सकेगा और न ही किसी को आगे निविदा पर दे सकेगा ।
12. कार्य संतोषप्रद नही होने अथवा श्रमिको की किसी सेवाओं की आवश्यकता न रहने की स्थिति में प्रदाय की संविदा को किसी भी समय निराकृत (रिपुडियेटेड) किया जा सकता है।
13. निविदाकार जिसकी निविदा स्वीकार की गयी आपूर्ति आदेश के तीन दिवस के भीतर परियोजना कार्य स्थलों पर श्रमिक उपलब्ध कराकर आउट सोर्सिंग से कार्य सम्पन्न करायेगा ।
14. यदि निविदा सूचना में दर्शायी गयी मात्रा से अधिक मात्रा में श्रमिक आपूर्ति हेतु आदेश दिया जाता है तो निविदा में दी गयी दरों एवं शर्तो के अधीन रहते हुये पुनरावृत्ति आदेश (रिपीट आर्डर) दिये जा सकते है। पुनरावृत्ति आदेश मूल आदेश की मात्रा के 25 प्रतिशत तक के लिये हो सकेगा एवं ऐसा आदेश अंतिम आपूर्ति के एक माह की अवधि के भीतर दिया जा सकेगा । अगर निविदाकार ऐसी आपूर्ति करने में असफल रहता है तो क्रय अधिकारी सीमित निविदा अथवा अन्यथा श्रमिकों की व्यवस्था करने के लिये स्वतंत्र होगा । ऐसी स्थिति में कोई अतिरिक्त व्यय होगा तो यह निविदाकार से वसूलनीय होगा ।
15. यदि क्रय अधिकारी श्रमिक सेवा आपूर्ति का कोई आदेश नहीं देता है, अथवा निविदा सूचना में दर्शायी गई संख्या से कम मात्रा के लिये आपूर्ति आदेश देता है तो निविदाकार किसी प्रकार की क्षति पूर्ति का दावा करने का अधिकारी नहीं होगा ।
16. पंजीकृत संस्था द्वारा निविदा कार्यो की अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत राशि Bid Security के रूप में जमा करानी होगी। बिड सिक्यूरिटी राशि एवं बिड प्रपत्र मुल्य राशि के बिना प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
17. बिड सिक्यूरिटी राशि नकद/ट्रेजरी चालान, ई–ग्रास, बैंक ड्राफ्ट अथवा अनुसूचित बैंक के बैंकर चैक /बैंक गारंटी के माध्यम से जमा करायी जा सकती है। बैंक डी.डी./बैंकर चैक जो कि **अधीक्षण भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, जयपुर** के नाम पर देय हो, को ही स्वीकार किया जायेगा । केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के उपक्रमों के लिये बिड सिक्यूरिटी राशि जमा करानी आवश्यक नही है। केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के उपक्रमों के लिये बिड सिक्यूरिटी राशि के स्थान पर बोली प्रतिभूति की घोषणा संलग्न करनी होगी।
18. निम्न परिस्थितियों में बिड सिक्यूरिटी राशि जब्त कर ली जायेगी ।
    (अ) जब निविदाकार टेण्डर खुलने के बाद लेकिन स्वीकृति से पूर्व प्रस्ताव हटाता (विड्रा) है अथवा इसमें परिर्वतन करता है।
    (ब) जब निविदाकर विहित समय के भीतर अनुबन्ध का संपादन नहीं करता है।
    (स) जब निविदाकार आपूर्ति आदेश दिये जाने के बाद निर्धारित समयावधि के भीतर सिक्योरिटी डिपोजिट (जमा) नहीं करवाता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

(द) जब वह आपूर्ति आदेश के अनुसार विहित समय के भीतर आपूर्ति करने में असफल रहता है।

19. अनुमोदित निविदाकार को आपूर्ति आदेश मिलने के पांच दिवस के भीतर अनुबन्ध का निष्पादन करना होगा। ऐसे निविदाकार को टेण्डर स्वीकृति की सूचना के प्रेषित तिथि से 05 दिवस के भीतर आपूर्ति आदेश के, अनुमानित निविदा राशि रूपये 1.625 लाख का 5 प्रतिशत के बराबर अर्थात राशि रूपये 8125/–कार्य संपादन प्रतिभूति (Performance security) सिक्योरिटी डिपोजिट करानी होगी ।
20. बिड सिक्यूरिटी राशि को कार्य संपादन प्रतिभूति (Performance security) डिपोजिट के विरूद्व समायोजन किया जा सकेगा । कार्य संपादन प्रतिभूति (Performance security) डिपोजिट पर विभाग द्वारा कोई ब्याज देय नही होगा ।
21. कार्य संपादन प्रतिभूति (Performance security) डिपोजिट नकद/ई–ग्रास/बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर चैक/चालान/एफ.डी.आर. के माध्यम से स्वीकार की जा सकेगी । केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के उपक्रमों के लिये कार्य संपादन प्रतिभूति (Performance security) डिपोजिट (जमा) कराना आवश्यक नही है।
22. अनुबन्ध के सम्पादन एवं मुद्राकंन (स्टाम्पिंग) के व्यय निविदाकार द्वारा वहन किये जायेगें। विभाग को बिना कोई मूल्य चुकाये मुद्राकिंत अनुबन्धित की प्रति उपलब्ध करायी जायेगी ।
23. अनुमोदित निविदाकार आउटसोर्सिंग पर कार्य संपादन के दौरान प्रवृत्त कानूनों एवं समय–समय पर राजस्थान सरकार द्वारा जारी निर्देशों को पालना हेतु बाध्य होगा ।
24. अनुबन्ध अवधि के दौरान यदि अनुबंधित कार्य सम्बन्धी कोई न्यायिक प्रकरण / लिटीगेशन दायर किया जाता है तो उसके लिये अनुमोदित निविदाकार पूर्णरूप से उत्तरदायी होगा ।
25. दुर्घटना या अन्य किसी आकस्मिकता के घटने की स्थिति में अनुमोदित निविदाकार का पूर्ण उत्तरदायित्व रहेगा ।
26. किसी भी निविदा को स्वीकार करने के लिये यह आवश्यक नही होगा कि वह न्यूनतम निविदा ही हो । सक्षम अधिकारी को किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने अथवा एक या एक से अधिक निविदा को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
27. यदि संविदा के निर्वचन, अथान्ययन एवं संविदा की शर्तो के भंग संबंधी कोई वाद उत्पन्न होता है तो संविदा के पक्षकरों द्वारा प्रकरण संबंधित प्राधिकृत अपीलीय अधिकारी को निर्धारित अवधि में प्रस्तुत किया जायेगा ।
28. समस्त कानूनी कार्यवाहियां यदि किसी भी पक्ष (सरकार अथवा संविदाकार) द्वारा संस्थित किये जाने की आवश्यकता पडें, तो न्यायालय का क्षेत्राधिकार जयपुर ही होगा ।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

29. निविदाकार द्वारा आउट सौर्सिंग पर किए गए कार्यो के पेटे प्रत्येक माह संबन्धित को किये गये भुगतान का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

30. एजेंसी को संलग्न सूचीनुसार एवं निर्देशित स्थान पर कार्य सम्पन्न करना होगा एवं अनुबन्ध में उल्लेखित राशि के अलावा अन्य किसी प्रकार की कोई राशि देय नहीं होगी। एजेंसी को नियमानुसार पी.एफ., ई.एस.आई. व सेवा कर आदि को प्रतिमाह स्वयं के स्तर पर संबंधित खातों में जमा कराना होगा । इस बाबत विभाग का कोई सरोकार नही होगा। विभाग इसके लिये कोई अलग से भुगतान नहीं करेगा। इससें संबंधित सम्पूर्ण जिम्मेदारी कार्यकारी एजेंसी की होगी ।

31. निविदादाता को प्रभारी, केम्प इन्चार्ज के निर्देशानुसार निविदा में अंकित अनुसार कार्य करवाना होगा ।

32. निविदादाता द्वारा उपरोक्तानुसार आऊट सोर्सिंग पर किए जाने वाले कार्यो से संबंधित किसी भी सेवा संबंधी विवाद में पूर्ण दायित्व का निर्वहन करना होगा तथा विभाग की इस संबंध में कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

33. उक्त शर्तो के अतिरिक्त राजस्थान सरकार द्वारा आऊट सोर्सिंग कार्य हेतु समय–समय पर जारी किए जाने वाले निर्देशों की पालना निविदादाता हेतु बाध्यकारी होगी।

34. उपरोक्त कार्यो में से कोई भी कार्य निविदादाता द्वारा समय पर न करने पर कार्य अन्य एजेन्सी से करवा लिया जावेगा और इस प्रकार के कार्य पर व्यय होने वाली राशि अनुमोदित निविदाकार के भुगतान में से काट ली जावेगी । इसके अतिरिक्त आर्थिक दण्ड के रूप में जोखिम पर करवाये गये कार्य पर व्यय की गई राशि से दोगुणा राशि तक दण्ड के रूप में आरोपित की जा सकती है।

35. इस निष्पादित संविदा के संबंध में कोई न्यायालयी विवाद न्यायालय में लम्बित हो और माननीय न्यायालय द्वारा यदि कोई दिशा निर्देश पारित किया जावे तो माननीय न्यायालय के आदशों की पालना अनुमोदित निविदादाता द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी ।

36. यह कि राज्य सरकार द्वारा किसी भी परिस्थिति में यदि उक्त कार्यो की व्यवस्था का कोई विकल्प प्राप्त कर लिया जाता है तो एक माह के पूर्व नोटिस के बाद संविदा समाप्त की जा सकेगी ।

37. निविदादाता कार्य समाप्ति पर कार्य के बिलो को परियोजना अधिकारियों से प्रमाणित एवं उच्च अधिकारियों से प्रतिहस्ताक्षर करवाकर कार्यालय में प्रस्तुत करेगा एवं बिल की राशि का भुगतान निदेशालय से प्रशासनिक स्वीकृति/बजट आवंटन प्राप्त होने के पश्चात ही किया जावेगा ।

38. न्युनतम मजदूरी अधिनियम 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व संबधित संवेदक का होगा।

39. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली मे भाग लेने हेतु अर्हत होगे। पंजीकरण प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतिलिपी पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेजो के साथ संम्बन्धित उत्पादन संस्था को प्रस्तुत की जायेगी। राजस्थान सरकार के परिपत्र दिनांक 14.11.2018 अनुसार बोलीदाता के द्वारा प्रस्तुत ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

जाने के समय राजस्थान श्रमिक अनुबंधित अधिनियम एवं श्रमिक अनुबंध नियम 1970/ संशोधन अधिनियम, 2014 तथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अद्यतन प्रावधानों के अनतर्गत पंजीकरण करवाना आवश्यक है, तो बोलीदाता द्वारा पंजीकरण प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। यदि नियमों के अन्तर्गत बोलीदाता पंजीकरण बाध्यता की सीमा में नही है तो वह तदानुसार वचनपत्र (undertaking) प्रस्तुत करत हुए बोली में भाग ले सकता है।

40. सफल बोलीदाता को यह शपथ–पत्र (Affidavit) प्रस्तुत करना होगा की निविदा अवधि के दौरान यदि उसके द्वारा राजस्थान श्रमिक अनुबंधित अधिनियम एवं नियम 1970/ संशोधन अधिनियम, 2014 तथा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अद्यतन प्रावधानों के अनतर्गत पंजीकरण करवाना आवश्यक है तो तदानुसार पंजीकरण कराते हुए प्रमाण–पत्र की प्रति कार्यालय को उपलब्ध करायेगा।

41. यदि किसी उपापन संस्था को अंशकालीन (पार्ट–टाईम) मानव संसाधनो की सेवाओ के 4 घण्टे से कम अवधि के लिए आवश्यकता हो तो ऐसी अंशकालीक सेवा का बोली दस्तावेजो मे स्पष्ट उल्लेख करते हुए संबन्धित उपापन संस्था द्वारा बिड संबन्धित कार्यवाही की जावेगी। ऐसे अंशकालीक मानव संसाधन जिनकी सेवाऐ 4 घण्टे से कम अवधि के लिए ली जायेगी। उन्हे उनकी सेवाओ के विरूद न्यूनतम मजदूरी की गणना श्रम विभाग द्वारा समय समय पर निर्धारित मजदूरी की 50 प्रतिशत राशि पर की जावेगी।

42. संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैंक खाते मे ही किया जाायेगा। संबन्धित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिको के बैक खाते मे जमा कराई गई राशि का विवरण संबन्धित उपापन संस्था को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिको के बैंक खातों मे जमा कराई गई राशि के विवरण बाबत उपापन संस्था की संतुष्टी होने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।

43. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार श्रमिको को मजदूरी के भुगतान करने का दायित्व संबन्धित संवेदक का होगा।

44. श्रमिको को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय– समय पर वृद्धि होने पर उपापन संस्था द्वारा संवेदक को बढी हुई न्यूनतम मजदुरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

45. संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की न्यूनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई. पी. एफ. एवं ई. एस. आई. जमा कराना होगा। जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती ओर संवेदक का अंशदान शामिल होगा। संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिकों के ईपीएफ ओर ईएसआई के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में संबन्धित चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर ही संवेदक को आगामी माह की बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा।

46. संवेदक द्वारा प्रत्येक कार्यस्थल पर डीसप्ले बोर्ड लगाये जायेगे, जिन पर संवेदक का नाम, संविदा अवधि, कार्य की प्रगति, श्रमिकों हेतु हैल्प लाईन नम्बर एवं संवेदक द्वारा न्यूनतम मजदूरी [illegible] नही करने की शिकायत करने संबन्धित प्रावधान का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा

Signature Not Verified
Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

47. राज्य मे लागू श्रम नियमों के अन्तर्गत अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी. एफ. एव ई. एस.आई. की राशि जमा कराने का दायित्व संवेदक का होगाा।

48. संवेदक द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी। सभी प्रकार के करों को जमा करवाने की जिम्मेदारी संवेदक की ही होगी। संवेदक द्वारा गत माह मे जमा कराये गये वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के चालान की प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न की जावेगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि जमा कराने के प्रमाण स्वरूप चालान की प्रति प्रस्तुत नही किये जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान नही किया जायेगा। उक्त स्थिति मे वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संम्बन्ध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्वों के निर्वहन का उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

49. श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र /राज्य सरकार समय–समय पर जारी किये गये दिशा निर्देशो की पालना करने का दायित्व संवेदक का ही होगा। श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं दिशा निर्देशों आदि की पालना नही करने की स्थिति मे उसके परिणामों/दायित्वों के लिए संवेदक स्वंय उत्तरदायी होगा ।

50. यदि संवेदक द्वारा एवं कार्य पर लगाये गए श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिए उपापन संस्था का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 एवं राजस्थान अनुबन्धिंत श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा।

51. नियोजित श्रमिकों को 240 दिवस पूर्ण कर लिए जाने पर औधोगिक विवाद अधिनियम,1974 में विहित प्रावधानो, के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिको को हटाने कार्यमुक्त करने, नोटिस वेतन , छटनी मुआवजा आदि देने का समस्त उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

52. कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध/संदर्भ मे किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई एस आई करवाने/सामूहिक दूघर्टना बीमा करवाने इत्यादी की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक का होगा। इसके लिए उपापन संस्था की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

53. यदि संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नही किये जाने की शिकायत उपापन संस्था को प्राप्त होती हो तो उपापन संस्था इस संबन्ध मे श्रम विभाग को अनिवार्य रूप से सूचित करेगी ओर, नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति मे संवेदक को डीबार कराने की कार्यवाही करेगी।

54. यदि किसी संस्था द्वारा कार्य की विशिष्ट प्रकृति के मध्यनजर किसी निर्धारित प्रतिशत मे कोई अतिरिक्त राशि मानव संसाधन हेतु स्वीकृत करा रखी हो तो उक्त अतिरिक्त राशि को न्यूनतम मजदूरी मे सम्मिलित नही करते हुए इसे पृथक से भुगतान हेतु अंकित किया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी उपापन संस्था द्वारा अतिरिक्त राशि के रूप में न्यूनतम मजदूरी का 10 प्रतिशत की सक्षम स्वीकृती प्राप्त कर रखी है तो न्यूनतम मजदूरी के उपर 10 प्रतिशत की पृथक से भुगतान संवेदक को किया जायेगा। उक्तानुसार विशिष्ट कार्य करने वाले संबन्धित श्रमिक को 10 प्रतिशत (न्यूनतम मजदूरी का) अतिरिक्त भुगतान करने का दायित्व संबन्धित संवेदक का होगा।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sanjay Saxena
Designation : Superintending Geologist
Date: 2026.01.12 14:41:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19877306

55. उपापन संस्था द्वारा संवेदक को कार्यआदेश जारी करने के पश्चात कार्यादेश की प्रति श्रम विभाग को संबन्धित जिला स्तरीय अधिकारी एवं श्रम विभाग मुख्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जायेगी।

56. निविदादाता को यह स्वयं सुनिश्चत करना होगा की बोली दस्तावेज निर्धारित समय तक कार्यालय को प्राप्त हो जाये, देरी से प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

57. क्वालिफाई बिड (तकनीकी बोली) मे योग्य पाये जाने वाले बोली दाताओं की ही प्राईज बिड (वित्तीय बोली) क्वालिफाईड बिड खोलने की दिनांक को ही कार्यालय दिवस के अन्तर्गत खोली जानी संभावित है। नवीनतम जानकारी के लिए विभागीय बेवसाईड एवं राज्य सरकार के उपापन पोर्टल को देखा जा सकता है।

58. निविदा दस्तावेज सहित सभी संचार/पत्राचार निविदादाता द्वारा स्वयं या निविदादाता के नामित अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर मोहर लगाई जानी चाहिए।

59. तकनीकी निविदा, निविदा लगाने के लिए नामित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा सूचना में अंकित दिनांक के अनुसार खोली जायेगी, तकनीकी मूल्याकंन प्रक्रिया की योग्य बोलियों को ही वित्तीय निविदा के मूल्याकंन के लिए आगे विचार किया जायेगा।

60. सशर्ते या अग्रिम भुगतान की निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं प्रथम दृटया रद्द कर दिया जावेगा।

61. सफल निविदादाता को कार्य आदेश जारी होने की तिथि से सात कार्य दिवस में कार्यआदेश में वर्णित की सेवाऐं प्रदान करनी होगी।

